रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-28092020-222063
CG-DL-E-28092020-222063

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 392] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 25, 2020/आश्विन 3, 1942
No. 392] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 25, 2020/ASVINA 3, 1942

भारतीय उपचर्या परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 25 सितम्बर, 2020

फा.सं. 11–1/2019–आईएनसी.— समय–समय पर यथासंशोधित भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 (1947 का XLVIII) की धारा 16(1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय उपचर्या परिषद् बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम, 2019 हेतु निम्नलिखित विनियम बनाती है:–

लघु शीर्षक और प्रवर्तन.–

1. ये विनियम **बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम, 2019** कहलायेंगे।

2. ये विनियम भारत के राजपत्र में इनकी अधिसूचना/प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

पाठ्यक्रम

बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम, 2019

I. भूमिका

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति दस्तावेज (एनएचपी, 2017) में तृतीयक देखभाल सेवाओं का विस्तार करने, विशेषज्ञ नर्स तैयार करने और नर्सों के लिये नैदानिक प्रशिक्षण के मानकीकरण पर जोर दिया गया है। इसके प्रत्युत्तर स्वरूप, भातीय उपचर्या परिषद् ने मौजूदा विशिष्ट नर्सिंग कार्यक्रम को योग्यता पर आधारित प्रशिक्षण दृष्टिकोण अपनाते हुए एक एक–वर्षीय पोस्ट

बेसिक डिप्लोमा आवासीय कार्यक्रमों के रूप में परिवर्तित करने की योजना बनाई है। बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जिकल नर्सिंग कार्यक्रम, संशोधित दिशानिर्देशों का उपयोग करते हुए भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा विकसित किया गया एक ऐसा नया विशिष्ट पाठ्यक्रम है, जिसका उद्देश्य ऐसे विशेषज्ञ नर्स तैयार करना है जो जलने से पीड़ित और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले रोगियों, जिनकी नैदानिक परीक्षण, उपचार और देखभाल की आवश्यकतायें जटिल और गहन होती हैं, को सक्षम देखभाल प्रदान कर सकें।

'जलना' स्वस्थ व्यक्ति के जीवन में आने वाली सबसे भयंकर पस्थितियों में से एक है। इसके घाव रोगी के जीवन के हर पहलू पर प्रहार करते हुए दिखाई पड़ते हैं। शारीरिक रूप से दृश्य और मनोवैज्ञानिक रूप से अदृश्य घावों के निशान बहुत लंबे समय तक चलने वाले होते हैं और रोगी को अक्सर चिरकालिक विकलांगता की ओर ले चाते हैं। जलने के घाव स्वास्थ्य कर्मियों के लिये विभिन्न प्रकार की विशेष चुनौतियां खड़ी कर देते हैं। जलने से पीड़ित रोगियों की इष्टतम देखभाल के लिये एक बहु–विषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। इससे शरीर के बहुत से भाग प्रभावित होते हैं अतः इनकी जटिलता को देखते हुए जलने से पीड़ित रोगियों को बर्न्स में प्रशिक्षित नर्सों द्वारा गहन विशिष्ट देखभाल की आवश्यकता होती है। सकारात्मक रोगी परिणाम बर्न्स केयर टीम की संरचना, उनकी प्रतिबद्धता, विशिष्ट कौशल और उसके सदस्यों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर निर्भर हैं। जलने से पीड़ित रोगियों के उपचार प्रबंधन में नर्सों की एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

बर्न्स नर्सिंग अभ्यास में ऊर्जस्वी और अत्यधिक कुशल तथा जटिल देखभाल की आवश्यकता होती है। जलने से पीड़ित रोगियों के साथ–साथ उनके परिवार के सदस्यों को भी काफी चोट पहुंचती है। जलने से पीड़ित रोगियों का स्वास्थ्य लाभ मुख्यतः कुशल नर्सिंग देखभाल पर निर्भर करता है। जलने से पीड़ित रोगियों की देखभाल में विशेषज्ञ नर्सों को संवदेनशील होना चाहिये और रोगी तथा उनके परिवार के सदस्यों के साथ मिलनसार होना चाहिये।

II. दर्शन

भारतीय उपचर्या परिषद् का मानना है कि पंजीकृत नर्सों को अभ्यास के विभिन्न नये विशिष्ट क्षेत्रों में कार्य करने के लिये विशेषज्ञ नर्सों के रूप में आगे प्रशिक्षित होने की आवश्यकता है और यह प्रशिक्षण योग्यता पर आधारित होना चाहिये। विशेषज्ञ नर्सों की जरूरत वाला एक ऐसा क्षेत्र बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी नर्सिंग है। बर्न्स नर्सिंग, रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी तथा तकनीक में हुई प्रगति और नर्सों की बढ़ती भूमिकाओं के मद्देनजर जलने के कारण विभिन्न प्रकार के घावों से पीड़ित रोगियों और साथ ही पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले रोगियों को सक्षम, कुशल और उचित देखभाल प्रदान करने के लिये नर्सों को विशेष कौशल और जानकारी प्रदान करने के लिये अतिरिक्त प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है।

III. पाठ्यक्रम संरचना

बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा प्रशिक्षण एक–वर्षीय आवासीय कार्यक्रम है और इस पाठ्यक्रम की अवधारणा में अभ्यास के अलावा बुनियादी लघु पाठ्यक्रम और विशिष्ट नर्सिंग अभ्यासों के लिये बृहद विशिष्ट पाठ्यक्रम सम्मिलित किये गये हैं।

व्यावसायिक कुशलता, संवाद और रोगी प्रशिक्षण, नैदानिक नेतृत्व और संसाधन प्रबंधन, तथा साक्ष्य आधारित और अनुप्रयुक्त अनुसंधान, बर्न्स नर्सिंग एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जिकल नर्सिंग अभ्यास के बुनियादी लघु पाठ्यक्रम हैं, जिनका लक्ष्य छात्रों को जवाबदेह, प्रतिबद्ध, कुशल और सक्षम विशेषज्ञ नर्स की तरह कार्य करने की आवश्यक जानकारी, दृष्टिकोण और दक्षता प्रदान करना है। प्रमुख विशिष्ट पाठ्यक्रमों को बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग–1 और बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग–2 के तहत सुनियोजित किया गया है।

स्पेशियलिटी नर्सिंग–1 में बर्न्स नर्सिंग एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी का संदर्भ/परिचय और बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जिकल नर्सिंग में प्रयुक्त सामान्य विज्ञान (बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग के अंतर्गत आने वाली नैदानिक परिस्थितियों के निदान, उपचार और देखभाल में सामान्य विज्ञान की जानकारी का उपयोग) शामिल हैं। स्पेशियलिटी नर्सिंग–2 में जलने के कारण विभिन्न प्रकार के घावों और विकृतियों तथा साथ ही पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन शामिल है, जिसमें मूल्यांकन, निदान, उपचार और विशिष्ट मध्यवर्तन तथा रोगी की सुरक्षा और गुणवत्ता और साथ ही बीमारी की विशिष्ट क्षतिपूर्ति सम्मिलित हैं। बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग आवासीय कार्यक्रम के पाठ्यक्रम की रूपरेखा निम्नलिखित चित्र–1 में दर्शाई गई है।

बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम

बर्न्स नर्सिंग पाठ्यक्रम के मूल **स्पेशियलिटी (बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी) नर्सिंग पाठ्यक्रम**

चित्र–1. बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग – आवासीय कार्यक्रम की पाठ्यक्रम संरचना

IV. उद्देश्य/अभिप्राय और कार्यनिर्वाह क्षमतायें

उद्देश्य

इस कार्यक्रम को विशेष कौशल, जानकारी और प्रवृत्ति वाले ऐसे नर्स तैयार करने के लिये बनाया गया है जो जलने से पीड़ित और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले रोगियों को अस्पताल में भर्ती से पूर्व एवं भर्ती के बाद तथा स्वास्थ्य लाभ (पुनर्वास) के दौरान देखभाल प्रदान कर सकें। इसका उद्देश्य तकनीकी रूप से योग्य और प्रशिक्षित ऐसे विशेषज्ञ नर्स तैयार करना है, जो तृतीयक और चतुर्थक अस्पतालों की बर्न्स इकाईयों में उच्च स्तर की देखभाल प्रदान कर सफलतापूर्वक इष्टतम कार्य कर सकें।

कार्यनिर्वाह क्षमतायें

कार्यक्रम के पूरा होने पर, बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिस्ट नर्स निम्नांकित कार्य करने में सक्षम होंगे:–

1. भारतीय उपचर्या परिषद् के सदाचारी, परोपकारी, कानूनी, नैतिक, विनियामक और मानवतावादी सिद्धांतों के अनुरूप मानकों के अनुसार अभ्यास में नर्सिंग देखभाल प्रदान करने में पेशेवर जवाबदेही प्रदर्शित करना।
2. रोगियों, परिवारीजनों और व्यावसायिक सहयोगियों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करना जिससे आपस में सम्मान की भावना को बढ़ावा मिले और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने के साझा निर्णय लिये जा सके।
3. उपचार और देखभाल में रोगियों और परिवारीजनों की प्रभावी रूप से भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये उन्हें प्रशिक्षित करना और परामर्श देना और संकट तथा वियोग की स्थिति में उनकी मुकाबला करने की क्षमता में वृद्धि करना।
4. नैदानिक नेतृत्व और संसाधन प्रबंधन रणनीतियों की समझ का प्रदर्शन करना और सहयोगी तथा प्रभावी टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिये उनका बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी देखभाल परिस्थितियों में उपयोग करना।

5. बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जिकल नर्सिंग अभ्यास में व्यावहारिक निर्णय लेने के लिये नैदानिक विशेषज्ञता और रोगी की वरीयताओं के लिहाज से, अनुभव और मूल्यों के साथ बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी देखभाल और उपचार में सामयिक सर्वोत्तम प्रमाणों की पहचान, मूल्यांकन और उपयोग करना।

6. बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी में ऐसे वैज्ञानिक कार्यक्रमों का उत्तरदायित्व लेना, जो शोध प्रक्रिया की बुनियादी समझ के साथ साक्ष्य–आधारित बर्न्स नर्सिंग देखभाल में योगदान देते हैं।

7. जलने से पीड़ित और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले रोगियों और उनके परिवारीजनों की दैहिक, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और आध्यात्मिक समस्याओं के आंकलन, निदान और उपचार में सामान्य विज्ञान को अपनाना।

8. बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी नर्सिंग की अवधारणा और सिद्धांतों को अपनाना।

9. जलने से पीड़ित रोगियों की अस्पताल में भर्ती से पूर्व देखभाल और अस्पताल तक ले जाने में समझबूझ का प्रदर्शन करना।

10. जलने पर अस्पताल में सुरक्षित सक्षम देखभाल, आपातिक देखभाल और तीव्र देखभाल प्रदान करना।

11. जलने से पीड़ित और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले रोगियों की देखभाल में नर्सिंग प्रक्रिया को अपनाना।

12. तरलीय पुनर्जीवन प्रदान करने से प्रासंगिक जलने से पीड़ित रोगियों, जलने के घावों के इलाज और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले रोगियों की देखभाल में विशिष्ट देखभाल दक्षता/कौशल का प्रदर्शन करना।

13. संक्रमण नियंत्रण और रोगी सुरक्षा प्रोटोकॉल अपनाना।

14. बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी उपचार और देखभाल क्षेत्र में हाल में हुई प्रगति की समझ का प्रदर्शन करना।

15. जलने पर प्रभावी मनोसामाजिक देखभाल और पुनर्वास प्रदान करना।

16. बर्न्स इकाई और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जिकल इकाई में नैदानिक आकलन करना और गुणवत्ता आश्वासन गतिविधियों में भाग लेना।

17. नर्सिंग कर्मियों की विभिन्न श्रेणियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।

V. कार्यक्रम का विवरण और अभ्यास का क्षेत्र

बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा एक वर्षीय आवासीय कार्यक्रम है, जिसका मुख्य फोकस योग्यता आधारित प्रशिक्षण रखा गया है। पाठ्यक्रम की अवधारणा में अभ्यास के अलावा बुनियादी पाठ्यक्रम और विशिष्ट पाठ्यक्रम सम्मिलित किये गये हैं। इसका 10 प्रतिशत भाग सैद्धांतिक और 90 प्रतिशत भाग नैदानिक और प्रयोगशाला अभ्यास है।

कार्यक्रम के पूरा होने पर प्रमाणपत्र मिलने और संबंधित राज्य उपचर्या परिषद् में अतिरिक्त योग्यता के रूप में पंजीकृत होने पर, ऐसे विशेषज्ञ नर्सों को केवल बर्न्स/रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी अस्पतालों/विभागों/इकाईयों में विशेषज्ञ नर्स के रूप में नियुक्त किया जाना चाहिये। वे कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित दक्षताओं, विशेष रूप से भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम की लॉगबुक में निर्धारित प्रक्रियात्मक दक्षताओं/नैदानिक कौशल के अनुसार अभ्यास करने में सक्षम होंगे। विशेषज्ञ नर्सों को संबंधित संस्थानों द्वारा संस्थागत प्रोटोकॉल के अनुसार उन विशिष्ट प्रक्रियात्मक दक्षताओं का अभ्यास करने का विशेषाधिकार दिया जा सकता है। विशेषज्ञ नर्स संवर्ग/पदों का सृजन सरकारी/सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में किया जाना चाहिये। यह डिप्लोमा भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा अनुमोदित संबंधित परीक्षा बोर्ड/राज्य उपचर्या परिषद्/विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जायेगा।

VI. बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम प्रारंभ करने के लिये न्यूनतम अर्हतायें/दिशानिर्देश

कार्यक्रम का संचालन कहां–कहां किया जा जा सकता है –

1. नर्सिंग में डिग्री कार्यक्रम का संचालन करने वाले नर्सिंग कॉलेज जो स्वयं के अपने 200 बिस्तर वाले अपने स्वयं के ऐसे विशिष्ट अस्पताल/तृतीयक अस्पताल से संबद्ध हों जिनमें विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाओं के साथ नैदानिक, चिकित्सीय और अत्याधुनिक बर्न्स देखभाल इकाई, बर्न्स आईसीयू, और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी इकाई/विभाग उपलब्ध हों।

अथवा

200 बिस्तर वाले बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी में डीएनबी/फेलोशिप कार्यक्रम की पेशकश करने वाले अस्पताल जिनमें शीघ्र उन्मूलन, त्वचा ग्राफ्टिंग, त्वचा बैंकिंग और त्वचा पुनर्जनन प्रयोगशाला तथा विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाओं वाली नैदानिक, चिकित्सीय और समर्पित बर्न्स आईसीयू के साथ अत्याधुनिक बर्न्स देखभाल इकाई और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी इकाई/विभाग उपलब्ध हों।

2. उपरोक्त पात्र संस्थान को संबंधित राज्य उपचर्या परिषद् से विशेष शैक्षणिक वर्ष के लिये बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारंभ करने के लिये मान्यता लेनी होगी। जोकि एक अनिवार्य आवश्यकता है।

3. भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा उपरोक्त दस्तावेजों/प्रस्तावों की प्राप्ति के पश्चात मान्यता प्राप्त नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान का भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 के प्रावधानों के तहत बनाये गये विनियमों के अनुरूप अध्यापन संकाय और नैदानिक एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में उपयुक्तता का आकलन करने के लिये भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 की धारा 13 के तहत वैधानिक निरीक्षण किया जायेगा।

1. नर्सिंग शिक्षण संकाय

क) 1 : 10 के अनुपात में पूर्णकालिक शिक्षण संकाय।

ख) शिक्षण संकाय में कम से कम दो (2) सदस्य होने चाहिये।

ग) योग्यता एवं संख्या:

1. मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग/बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग में एम.एससी. – 1
2. बी.एससी. (नर्सिंग)/पी.बी.बी.एससी. (नर्सिंग) के साथ बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – 1

घ) अनुभव: बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग में कम से कम तीन (3) वर्ष का नैदानिक अनुभव।

ङ) अतिथि संकाय: संबंधित विशिष्टताओं में बहु–विषयक।

च) प्रीसेप्टर:

- नर्सिंग प्रीसेप्टर: पूर्णकालिक जी.एन.एम. के साथ विशिष्ट नर्सिंग (बर्न्स/रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी नर्सिंग) में छः (6) वर्ष, या बी.एससी. (नर्सिंग) के साथ विशिष्ट नर्सिंग में दो (2) वर्ष, या एम.एससी. (नर्सिंग) के साथ विशिष्ट नर्सिंग में एक (1) वर्ष का विशिष्ट देखभाल केंद्र में कार्य करने का अनुभव।
- मेडिकल प्रीसेप्टर: स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त विशेषज्ञ (बर्न्स/रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विशेषज्ञ) डॉक्टर (स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त करने के बाद तीन (3) वर्ष का अनुभव/संकाय स्तर अथवा सलाहकार स्तर वालों को वरीयता दी जायेगी)।
- प्रीसेप्टर छात्र अनुपात: **नर्सिंग** में 1 : 10, **मेडिकल** में 1 : 10 (प्रत्येक छात्र एक मेडिकल प्रीसेप्टर और एक नर्सिंग प्रीसेप्टर से संबद्ध होना चाहिये)।

2. बजट:

संस्थान के कुल बजट में इस कार्यक्रम के लिये आवश्यक कर्मचारियों के वेतन, अतिथि संकाय और अंशकालिक शिक्षकों के लिये मानदेय, लिपिकीय सहायता, पुस्तकालयी और आकस्मिक व्यय के लिये प्रावधान होना चाहिये।

3. अस्पताल/कॉलेज में भौतिक और शिक्षण सुविधायें:

क) नैदानिक क्षेत्र में एक अध्ययन कक्ष/सम्मेलन कक्ष।

ख) अस्पताल/कॉलेज में कृत्रिम अध्ययन (सिम्युलेटेड लर्निंग) के लिये कौशल प्रयोगशाला। **कौशल प्रयोगशाला हेतु आवश्यक वस्तुओं की सूची परिशिष्ट–1 में दी गई है।**

ग) ऑनलाइन पत्रिकाओं तक पहुंच के साथ पुस्तकालय और कंप्यूटर सुविधायें:

1. कॉलेज में बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग, नर्सिंग प्रशासन, नर्सिंग शिक्षा, नर्सिंग अनुसंधान और सांख्यिकी से संबंधित वर्तमान पुस्तकों, जर्नल और पत्रिकाओं से सुसज्जित पुस्तकालय होना चाहिये।

अथवा

बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग, नर्सिंग प्रशासन, नर्सिंग शिक्षा, नर्सिंग अनुसंधान और सांख्यिकी से संबंधित वर्तमान पुस्तकों, जर्नल और पत्रिकाओं के लिये मेडिकल कॉलेज/अस्पताल के पुस्तकालय का उपयोग करने की अनुमति होनी चाहिये।

2. इंटरनेट की सुविधा के साथ कंप्यूटर।

घ) ई–लर्निंग सुविधायें

ङ) शिक्षण संसाधन – उपयोग करने हेतु निम्नांकित सुविधायें उपलब्ध होनी चाहिये:

1. ओवरहेड प्रोजेक्टर,
2. वीडियो देखने की सुविधा,
3. एलसीडी प्रोजेक्टर,
4. सीडी, डीवीडी और डीवीडी प्लेयर,
5. कौशल अध्ययन के लिये उपयुक्त उपकरण, मैनीकिंस और सिमुलेटर्स।

च) कार्यालयी सुविधायें:

1. लिपिक, चपरासी, सफाई कर्मचारी की सेवायें।
2. कार्यालय, उपकरण और आपूर्ति की सुविधा, जैसे
   - स्टेशनरी,
   - प्रिंटर के साथ कंप्यूटर,
   - जीरोक्स मशीन,
   - टेलीफोन एवं फैक्स

4. नैदानिक सुविधायें

क) कम से कम 200 बिस्तर वाले अपने स्वयं के स्पेशियलिटी अस्पताल/तृतीयक अस्पताल जिनमें विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाओं के साथ उन्नत नैदानिक, चिकित्सीय और अत्याधुनिक बर्न्स देखभाल इकाई, बर्न्स आईसीयू, और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी इकाई/विभाग उपलब्ध हों।

ख) 200 वाले क्षेत्रीय केंद्र या बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी अस्पताल जिनमें विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाओं के साथ उन्नत नैदानिक, चिकित्सीय और अत्याधुनिक बर्न्स देखभाल इकाई, बर्न्स आईसीयू, और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी इकाई/विभाग उपलब्ध हों।

ग) अस्पताल में उन्नत नैदानिक, चिकित्सीय और देखभाल सुविधाओं वाले कम से कम 30 बिस्तर होने चाहिये।

घ) इकाइयों में भारतीय उपचर्या परिषद् मानदंडों के अनुसार नर्स स्टाफ उपलब्ध होना चाहिये।

ङ) छात्र रोगी अनुपात 1 : 3 होना चाहिये।

5. प्रवेश हेतु नियम व शर्तें/प्रविष्टि अर्हतायें

इस कार्यक्रम में प्रवेश पाने वाले छात्र को,

क) एनयूआईडी नंबर के साथ किसी एक राज्य उपचर्या पंजीकरण परिषद् (एसएनआरसी) में एक पंजीकृत नर्स (आर.एन. एंड आर.एम.) या समकक्ष होना चाहिये।

ख) नामांकन से पहले अधिमानतः बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी इकाई में स्टाफ नर्स के पद पर कम से कम एक वर्ष का नैदानिक अनुभव होना चाहिये।

ग) शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिये।

घ) आयोजित प्रवेश परीक्षा और सक्षम अधिकारी द्वारा साक्षात्कार की योग्यता के आधार पर चयन किया जाना चाहिये।

ङ) अन्य देशों के नर्सों को प्रवेश से पहले भारतीय उपचर्या परिषद् से समतुल्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

6. सीटों की संख्या

200 बिस्तर तथा 30 विशिष्ट बिस्तर वाले अस्पताल के लिये सीटों की संख्या = 10 और 500 बिस्तर व 60 विशिष्ट बिस्तर वाले अस्पताल के लिये सीटों की संख्या = 20

7. अभ्यर्थियों की संख्या

3 विशिष्ट बिस्तरों के लिये 1 अभ्यर्थी।

8. वेतन

क). सेवारत अभ्यर्थियों को नियमित वेतन मिलता रहेगा।

ख) अन्य अभ्यर्थियों को कार्यक्रम का संचालन करने वाले अस्पताल की वेतन संरचना के अनुसार वजीफा/वेतन मिलेगा।

VII. परीक्षा विनियम एवं प्रमाणीकरण

परीक्षा विनियम

परीक्षा संचालन एवं डिप्लोमा प्रदान करने वाले प्राधिकरणः भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा अनुमोदित संबंधित परीक्षा बोर्ड/राज्य उपचर्या परिषद्/विश्वविद्यालय।

1. परीक्षा में बैठने हेतु पात्रता

क) उपस्थितिः सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक – 80 प्रतिशत। परन्तु प्रमाणपत्र मिलने से पहले 100 प्रतिशत नैदानिक उपस्थिति होना अनिवार्य है।

ख) लॉगबुक और नैदानिक आवश्यकताओं जैसी जरूरी आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने हेतु पात्र होंगे और अंतिम परीक्षा में बैठ सकते हैं।

2. प्रायोगिक परीक्षा

क) वस्तुनिष्ठ संरचित नैदानिक परीक्षा (ओएससीई): आंतरिक और अंतिम परीक्षा दोनों में मौखिक परीक्षा के साथ–साथ वस्तुनिष्ठ संरचित नैदानिक परीक्षा (ओएससीई) आयोजित की जायेगी। विस्तृत दिशानिर्देश मार्गदर्शन पुस्तिका में दिये गये हैं।

ख) प्रायोगिक/नैदानिक अवलोकनः अंतिम आंतरिक और बाह्य परीक्षा में मौखिक परीक्षा के साथ–साथ वास्तविक परिस्थितियों में नैदानिक प्रदर्शन का आंकलन और 3–4 घंटे का लघु नैदानिक मूल्यांकन अभ्यास (नर्सिंग प्रक्रिया आवेदन और कार्यविधिक दक्षता का प्रत्यक्ष अवलोकन) भी शामिल होगा। नैदानिक क्षेत्र में आंकलन की न्यूनतम अवधि 5–6 घंटे होगी। मूल्यांकन दिशानिर्देश मार्गदर्शन पुस्तिका में दिये गये हैं।

ग) प्रति दिन छात्रों की अधिकतम संख्या = 10 छात्र।

घ) परीक्षा केवल नैदानिक क्षेत्र में ही आयोजित की जानी चाहिये।

ङ) प्रायोगिक परीक्षक दल में, एक आंतरिक परीक्षक – संबंधित विशिष्ट कार्यक्रम में शिक्षण के दो (2) वर्ष के अनुभव के साथ एम.एससी./स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात पांच (5) वर्ष के अनुभव के साथ एम. एससी. (मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग) अर्हता धारक नर्सिंग संकाय, एक बाह्य परीक्षक – उपरोक्त अनुभव एवं अर्हता धारक नर्सिंग संकाय, और एक चिकित्सीय आंतरिक परीक्षक जो विशिष्ट कार्यक्रम के लिये प्रीसेप्टर होना चाहिये, शामिल होंगे।

च) प्रायोगिक परीक्षक और सैद्धांतिक परीक्षक एक ही नर्सिंग संकाय होने चाहिये।

3. उत्तीर्णता मानक

क) प्रत्येक अभ्यर्थी को उत्तीर्ण होने के लिये सैद्धांतिक और प्रायोगिक परीक्षा के आंतरिक आंकलन और बाह्य परीक्षा दोनों में मिलाकर कम से कम कुल 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर अनुत्तीर्ण माना जायेगा।

ख) छात्र को उत्तीर्ण होने के लिये अधिकतम तीन (3) अवसर प्रदान किये जायेंगे।

ग) यदि छात्र सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक परीक्षा में से किसी एक में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो उसे सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक परीक्षा में से जिस में अनुत्तीर्ण हुआ है केवल वही परीक्षा पुनः देनी होंगी।

प्रमाणीकरण

क) **शीर्षक** – बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा

ख) निर्धारित अध्ययन पाठ्यक्रम के सफल समापन पर, भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा अनुमोदित परीक्षा बोर्डो/राज्य उपचर्या परिषद्/विश्वविद्यालय द्वारा एक डिप्लोमा से सम्मानित किया जायेगा, जिसमें लिखा होगा कि,

1. अभ्यर्थी ने बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम के सभी पहलुओं का अध्ययन पूरा कर लिया है।
2. अभ्यर्थी ने सैद्धांतिक में 80 प्रतिशत और नैदानिक में 100 प्रतिशत आवश्यकतायें पूरी कर ली हैं।
3. अभ्यर्थी ने निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

VIII. परीक्षा प्रणाली

पाठ्यक्रम	आंतरिक आंकलन अंक	बाह्य आंकलन अंक	कुल अंक	परीक्षा अवधि घंटे (बाह्य)
सैद्धांतिक (अनुभविक/आवासीय अध्ययन) बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग (भाग–1 व भाग–2) (भाग–1 – बुनियादी नर्सिंग के साथ बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग–1, भाग–2 – बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग–2)	25 (10+15)	75 (35+40)	100	3
प्रायोगिक (बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग) • वस्तुनिष्ठ संरचित नैदानिक परीक्षा (ओएससीई) • पर्यवेक्षित प्रायोगिक/नैदानिक अवलोकनः मौखिक परीक्षा के साथ–साथ वास्तविक परिस्थितियों में प्रत्यक्ष अवलोकन – 3–4 घंटे का लघु नैदानिक मूल्यांकन अभ्यास (नर्सिंग प्रक्रिया आवेदन व कार्यविधिक दक्षता का प्रत्यक्ष अवलोकन)	75 (25+50) (ओएससीई–25 एवं प्रायोगिक अवलोकन–50)	150 (50+100) (ओएससीई–50 एवं प्रायोगिक अवलोकन–100)	225	नैदानिक क्षेत्र में कम से कम 5–6 घंटे
कुल योग	**100**	**225**	**325**	

IX. कार्यक्रम की बनावट/संरचना

1. अनुदेश पाठ–योजना
2. पाठ्यक्रम का कार्यान्वयन
3. नैदानिक अभ्यास (आवासीय पदस्थापन)
4. प्रशिक्षण विधियां
5. मूल्यांकन विधियां
6. लॉग बुक और नैदानिक आवश्यकतायें

1. अध्ययन निपुणता (कौशल प्रयोगशाला अभ्यास) और नैदानिक अभ्यास सहित अनुभवात्मक अधिगम दृष्टिकोण अपनाते हुए अनुदेश पाठ–योजना

		सैद्धांतिक (घंटे)	प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला (घंटे)	नैदानिक (घंटे)
1.	**बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास के मूल** 1. व्यावसायिक कुशलता 2. विशिष्ट नर्सिंग कार्यक्रम में संवाद, रोगी शिक्षा और परामर्श 3. विशेष देखभाल परिस्थितियों में नैदानिक नेतृत्व और संसाधन प्रबंधन	40		
2.	4. विशिष्ट नर्सिंग कार्यक्रम में साक्ष्य आधारित और अनुप्रयुक्त अनुसंधान **बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग पाठ्यक्रम** **बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग–1** 1. विशिष्ट नर्सिंग का संदर्भ/परिचय 2. विशेष देखभाल में प्रयुक्त सामान्य विज्ञान – एनाटॉमी व फिजियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फार्माकोलॉजी व पैथोफिजियोलॉजी जैसी नैदानिक स्थितियों का निदान और उपचार	40	10	
	बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग–2 1. मूल्यांकन, निदान, उपचार और विशेष मध्यवर्तन के साथ नैदानिक परिस्थितियों में नर्सिंग प्रबंधन 2. रोगी सुरक्षा और गुणवत्ता 3. विशिष्ट/बीमारी विशिष्ट विवेचन (सहयोगी देखभाल/ प्रशामक देखभाल/पुनर्वास, व्यक्ति, परिवार और समुदाय पर बीमारी का प्रभाव)	120	30	1730
कुल योग = 1970 घंटे		**200 (5 सप्ताह)**	**40 (1 सप्ताह)**	**1730 (38 सप्ताह)**

एक वर्ष में उपलब्ध कुल सप्ताह – 52 सप्ताह (सैद्धांतिकः 10 प्रतिशत एवं कौशल प्रयोगशाला + नैदानिकः 90 प्रतिशत)

- वार्षिक अवकाश + आकस्मिक अवकाश + अस्वस्थता अवकाश + सार्वजनिक अवकाश = 6 सप्ताह
- परीक्षा की तैयारी और परीक्षा = 2 सप्ताह
- सैद्धांतिक और प्रायोगिक = 44 सप्ताह

2. पाठ्यक्रम का कार्यान्वयन

ब्लॉक कक्षायें – 2 सप्ताह × 40 घंटे = 80 घंटे;

आवासीय – 42 सप्ताह ×45 घंटे प्रति सप्ताह = 1890 घंटे

कुल = 1970 घंटे

- ब्लॉक कक्षायें (सैद्धांतिक और कौशल प्रयोगशाला अनुभव = 2 सप्ताह × 40 घंटे प्रति सप्ताह (80 घंटे)
  (सैद्धांतिक = 74 घंटे, कौशल प्रयोगशाला = 6 घंटे, कुल = 80 घंटे)
- सैद्धांतिक और कौशल प्रयोगशाला सहित नैदानिक अभ्यास = 42 सप्ताह × 45 घंटे प्रति सप्ताह (1890 घंटे)
  (सैद्धांतिक = 126 घंटे, कौशल प्रयोगशाला = 34 घंटे, नैदानिक = 1730 घंटे, कुल = 1890 घंटे)

सैद्धांतिक = 200 (74+126) घंटे, कौशल प्रयोगशाला = 40 (6+34) घंटे, नैदानिक = 1730 घंटे

नैदानिक अनुभव के दौरान सैद्धांतिक के 126 घंटे और कौशल प्रयोगशाला अध्ययन के 34 घंटे को एकीकृत किया जा सकता है। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान छात्रों को प्रशिक्षित करने में निपुण अध्ययन और अनुभवात्मक अध्ययन दृष्टिकोण का उपयोग किया जाना है। कौशल प्रयोगशाला अर्हताओं के लिये परिशिष्ट–1 देखें।

3. नैदानिक अभ्यास

आवासीय नैदानिक अनुभवः– हालांकि न्यूनतम 45 घंटे प्रति सप्ताह निर्धारित है, लेकिन अलग–अलग पारियों और प्रत्येक सप्ताह या पखवाड़े ऑन कॉल ड्यूटी करने पर परिस्थिति अनुसार होगा।

नैदानिक पदस्थापनः– प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्रों का निम्नांकित नैदानिक क्षेत्रों में पदस्थापन किया जायेगाः–

क्र.सं.	नैदानिक क्षेत्र	सप्ताह
1	बर्न्स बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी/प्लास्टिक सर्जरी बाह्य रोगी विभाग	2
2	बर्न्स आपातकालीन और बर्न्स पट्टी कक्ष (बर्न्स केजुअल्टी एंड बर्न्स ड्रेसिंग रूम)	2
3	बर्न्स वार्ड	22
4	बर्न्स आईसीयू	8
5	रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी वार्ड	4
6	बर्न्स/रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी ऑपरेशन थिएटर	2
7	पुनर्वास/फिजियोथेरेपी/ऑक्यूपेशनल थेरेपी	1
8	क्षेत्रीय दौरे (फील्ड ट्रिप)	1
	कुल योग	**42**

आवासीय छात्र अलग–अलग पारियों में स्टाफ नर्स/नर्सिंग अधिकारियों की कार्य सूची का ही पालन करेंगे। इसके अलावा, 40 सप्ताह तक प्रत्येक सप्ताह 4 घंटे उनके अध्ययन के लिये होंगे (जैसे – संकाय व्याख्यान – 1 घंटा, नर्सिंग और अंतःविषयक संवाद – 1 घंटा, नैदानिक प्रस्तुतियां, केस स्टडी रिपोर्ट और नैदानिक कार्य – 1 घंटा और कौशल प्रयोगशाला अभ्यास – 1 घंटा), इस प्रकार कुल 126 घंटे सैद्धांतिक और 34 घंटे कौशल प्रयोगशाला अभ्यास के लिये होंगे। नैदानिक पदस्थापन के दौरान शोध प्रक्रिया के सोपानों पर आधारित एक लघु सामूहिक अनुसंधान परियोजना आयोजित की जा सकती है जिसकी लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी होगी।

4. शिक्षण विधियां

सैद्धांतिक, कौशल प्रयोगशाला और नैदानिक शिक्षण निम्नलिखित पद्धतियों द्वारा किये जा सकते हैं और नैदानिक पदस्थापन के दौरान एकीकृत किये जा सकते हैंः–

- केस/नैदानिक प्रस्तुति और केस स्टडी रिपोर्ट
- ड्रग स्टडी और प्रस्तुति
- बेडसाइड क्लिनिक/नर्सिंग राउंड्स/इंटरडिसिप्लिनरी राउंड
- जर्नल क्लब/नैदानिक संगोष्ठी
- नैदानिक क्षेत्र में शिक्षकों के व्याख्यान और परिचर्चा
- कौशल प्रयोगशाला में और बेडसाइड पर अभिव्यक्ति और कौशल प्रशिक्षण
- निर्देशित पढ़न/स्व–अध्ययन
- रोल प्ले
- संगोष्ठी/सामूहिक प्रस्तुति
- सामूहिक अनुसंधान परियोजना
- नैदानिक कार्य
- रोगी की वचनवद्धता शिक्षा (सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर स्वास्थ्य परिणामों को सुधारने में सुधार लाने के लिये सावधानीपूर्वक निर्णय लेने हेतु छुट्टी देने की योजना और अनुवर्ती कार्रवाई आदि में रोगियों को साझी बनाना)।
- राष्ट्रीय/क्षेत्रीय बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी केंद्र के शैक्षिक दौरे।

5. मूल्यांकन विधियां

- लिखित परीक्षा

- प्रायोगिक परीक्षा – ओएससीई और प्रायोगिक अवलोकन (वास्तविक परिस्थितियों में नैदानिक प्रदर्शन का प्रत्यक्ष अवलोकन)
- लिखित कार्य
- परियोजना
- केस स्टडी/देखभाल योजना/नैदानिक प्रस्तुति/ड्रग स्टडी
- नैदानिक प्रदर्शन मूल्यांकन
- नैदानिक कार्यविधिक दक्षताओं और नैदानिक आवश्यकताओं को पूरा करना।

मूल्यांकन दिशानिर्देशों के लिये परिशिष्ट–2 देखें।

6. नैदानिक लॉग बुक/प्रक्रिया पुस्तक

प्रत्येक नैदानिक पदस्थापन के अंत में, नैदानिक लॉग बुक (विशिष्ट कार्यविधिक दक्षताएं/नैदानिक कौशल) **(परिशिष्ट–3)**, नैदानिक अर्हतायें **(परिशिष्ट–4)** और नैदानिक अनुभव विवरण **(परिशिष्ट–5)** पर संबंधित नैदानिक संकाय/प्रीसेप्टर द्वारा हस्ताक्षर किये जाने चाहिये।

बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास के बुनियादी सिद्धांत :

बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास में व्यावसायिक कुशलता, संवाद, रोगी प्रशिक्षण और परामर्श, नैदानिक नेतृत्व और संसाधन प्रबंधन तथा साक्ष्य आधारित और अनुप्रयुक्त अनुसंधान

कुल सैद्धांतिक घंटे: 40

पाठ्यक्रम विवरण: यह पाठ्यक्रम बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी नर्सिंग अभ्यास में व्यावसायिक कुशलता, संवाद, रोगी प्रशिक्षण और परामर्श, नैदानिक नेतृत्व और संसाधन प्रबंधन तथा साक्ष्य आधारित और अनुप्रयुक्त अनुसंधान की समझ विकसित करने के लिये तैयार किया गया है।

अध्ययन विषयवस्तु

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	नियत कार्य/ मूल्यांकन विधियां
1	6	व्यावसायिक कुशलता की समझ का प्रदर्शन और बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी नर्सिंग अभ्यास में व्यावसायिक कुशलता का प्रदर्शन करना	**व्यावसायिक कुशलता** • **व्यावसायिक कुशलता:** अभिप्राय और सिद्धांत – बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास में जवाबदेही, सुविज्ञता, दृश्यता और नैतिकता • व्यावसायिक मूल्य और व्यावसायिक व्यवहार • भारतीय उपचर्या परिषद् आचार संहिता, व्यावसायिक आचरण संहिता और अभ्यास मानक • बर्न्स नर्सिंग और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी से संबंधित नैतिक मुद्दे • नर्स–नर्स प्रेक्टिशनर की प्रसारी भूमिका • व्यावसायिक संगठन • सतत नर्सिंग शिक्षा	• परिचर्चा	• बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी नर्सिंग से संबंधित आचार संहिता का वर्णन करना
	2	बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी नर्सिंग अभ्यास के चिकित्सीय–विधिक पहलुओं का वर्णन करना	**चिकित्सीय–विधिक पहलू** • बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जिकल नर्सिंग से संबंधित कानून और नियम • उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम • लापरवाही और कदाचार • चिकित्सीय–विधिक पहलू • रिकॉर्ड और रिपोर्ट • बर्न्स स्पेशियलिस्ट नर्सों की कानूनी जिम्मेदारियां	• व्याख्यान	• रोगियों का रिकॉर्ड रखना
2	12	जलने से पीड़ित रोगियों, परिवारीजनों और व्यावसायिक सहयोगियों से आपसी मेलजोल के	**संवाद** • संवाद प्रणाली और तकनीक • बुरी तरह जले रोगियों को दुःखद सूचना सुनाना • संस्कृति अनुसार संवेदनापूर्वक संवाद	• मॉड्यूल – संवाद • व्याख्यान	• डिजिटल रिकॉर्ड्स

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	नियत कार्य/ मूल्यांकन विधियां
		साथ स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने के लिये साझा निर्णय लेकर प्रभावी ढंग से संवाद स्थापित करना	• नर्सिंग देखभाल योजनाओं का विकास और रिकॉर्ड्स • संवाद में सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों का उपयोग • टीम संवाद	• दुःखद सूचना देने में भूमिका निभाना	
		उपचार और देखभाल में प्रभावी ढंग से भागीदारी निभाने के लिये रोगियों और परिवारीजनों को शिक्षित करना और परामर्श देना	**रोगी और पारिवारिक शिक्षा** • शिक्षण और अध्ययन के सिद्धांत • स्वास्थ्य शिक्षा के सिद्धांत • सूचना की जरूरतों और रोगी प्रशिक्षण का आंकलन • रोगी प्रशिक्षण सामग्री विकसित करना	• समकक्ष प्रशिक्षण • रोगी को मशगूल रखने की कवायद – जैसे छुट्टी की योजना बनाना	• जलने से पीड़ित और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले रोगियों के लिये एक सामूहिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करना • प्रासंगिक विषय पर रोगी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना
			परामर्श • परामर्श तकनीक • दुःखद सूचना, गहन उपचार, संकटकालीन मध्यवर्तन और मरणासन्न अवस्था में रोगी और परिवारीजनों को परामर्श देना	• परामर्श सत्र	
3	10	नैदानिक नेतृत्व और प्रबंधन रणनीतियों की समझ का प्रदर्शन करना और उनका जलने की देखभाल और सहयोगी एवं प्रभावी टीम वर्क को बढ़ावा देने वाली परिस्थितियों में प्रयोग में लाना	**नैदानिक नेतृत्व और संसाधन प्रबंधन** • नेतृत्व और प्रबंधन • बर्न्स नर्सिंग देखभाल के प्रबंधन के तत्व – योजना, आयोजन, स्टाफ, रिपोर्टिंग, रिकॉर्डिंग और बजट • नैदानिक नेतृत्व और इसकी चुनौतियां • शिष्ट मंडल • बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी इकाइयों में मानव संसाधन प्रबंधन • सामग्री प्रबंधन • भावनात्मक बुद्धिमत्ता और स्व–प्रबंधन कौशल • जलने से पीड़ित रोगियों की देखभाल के लिये नीतियों को प्रासंगिक बनाने में भागीदार बनना	• व्याख्यान	• बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी इकाइयों में कार्यरत कनिष्ठ नर्सिंग अधिकारियों/ स्टाफ नर्सों के लिये ड्यूटी रोस्टर तैयार करना
		बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी इकाइयों/ केंद्रों में गुणवत्ता आश्वासन गतिविधियों में भाग लेना और नैदानिक परीक्षण करना	**बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी इकाईयों में गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम** • नर्सिंग ऑडिट • नर्सिंग मानक • गुणवत्ता आश्वासन	• मॉड्यूल – • मान्यता और अभ्यास मानक	• बर्न्स वार्ड/ आईसीयू के लिये एसओपी विकसित करना
4	10	अनुसंधान प्रक्रिया का वर्णन करना और बुनियादी सांख्यिकीय परीक्षण करना साक्ष्य आधारित/ व्यावसायिक अभ्यास की बेहतरीन कार्य	**साक्ष्य आधारित और अनुप्रयुक्त अनुसंधान** • नर्सिंग अनुसंधान और अनुसंधान प्रक्रिया का परिचय • डेटा प्रस्तुति, बुनियादी सांख्यिकीय परीक्षण और इसके अनुप्रयोग • बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी नर्सिंग में अनुसंधान प्राथमिकताएं • बर्न्स नर्सिंग अभ्यास के लिये प्रासंगिक समस्याओं/प्रश्नों की अभिव्यक्ति	• व्याख्यान • मॉड्यूल – • वैज्ञानिक प्रपत्र लेखन	• बर्न्स/रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के गत पांच वर्ष के सांख्यिकीय आंकड़े तैयार करना • बर्न्स नर्सिंग मध्यवर्तन/साक्ष्य आधारित अभ्यास

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	नियत कार्य/ मूल्यांकन विधियां
		प्रणालियों को अपनाना	• बर्न्स नर्सिंग अभ्यास में साक्ष्य आधारित/ सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करने के लिये साहित्यिक समीक्षा • दैनिक व्यावसायिक अभ्यास में साक्ष्य आधारित मध्यवर्तन का कार्यान्वयन • अनुसंधान में नैतिकता		परियोजना पर साहित्यिक समीक्षा का संचालन करना

बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पशियलिटी नर्सिंग–1

बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिटी नर्सिंग का संदर्भ/परिचय और बर्न्स नर्सिंग अभ्यास में प्रयुक्त सामान्य विज्ञान (एप्लाइड साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी, एनाटॉमी, फिजियोलॉजी और फार्माकोलॉजी)

सैद्धांतिक : 40 घंटे और प्रयोगशाला/कौशल प्रयोगशाला : 10 घंटे

पाठ्यक्रम विवरण: यह पाठ्यक्रम जलने से पीड़ित और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले रोगियों के निदान, उपचार और स्वास्थ्य लाभ में बर्न्स नर्सिंग देखभाल प्रावधान और सामान्य विज्ञान लागू करने के संदर्भ में समझ और गहन जानकारी विकसित करने में छात्रों की मदद करने के लिये तैयार किया गया है।

अध्ययन विषयवस्तु

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
1	टी–4	जलने की दशा में जानपदिक रोगों के लक्षणों की व्याख्या करना, जोखिमों को पहचानना और उन्हें कम करने के लिये रणनीति तैयार करना	**जलने की दशा में जानपदिक रोग** • प्रसार और सांख्यिकी • जलने की चोट के जानपदिक रोग, जनसांख्यकी और परिणामी अभिलक्षण • जोखिम कारक और उनकी पहचान • जोखिम कारक कम करने हेतु रणनीतियां	• व्याख्यान और परिचर्चा	• सांख्यिकी प्रस्तुतिकरण
2	टी–4 एल–2	बर्न्स नर्सिंग के पूर्ववृत्त, व्यापकता और सिद्धांतों की व्याख्या करना बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिस्ट नर्सों की भूमिका बर्न्स इकाई की योजना तैयार करना	**बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पेशियलिस्ट नर्सों की भूमिका एवं कर्तव्य** • बर्न्स नर्सिंग का पूर्ववृत्त और प्रवृत्ति • बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी नर्सिंग की व्यापकता और सिद्धांत • बर्न्स प्रबंधन में बहुविषयी टीम • बर्न्स स्पेशियलिस्ट नर्सों की भूमिका • आदर्श बर्न्स इकाई की योजना तैयार करना और संरचना करना • बर्न्स इकाई में भर्ती करने और छुट्टी देने की प्रक्रिया और नीतियां	• व्याख्यान और परिचर्चा • प्रदर्शन – • बर्न्स इकाई तैयार करना	• आदर्श बर्न्स वार्ड और डे केयर की योजना तैयार करना
3	टी–12 एल–5	बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जिकल नर्सिंग देखभाल में मनोसामाजिक पहलुओं की व्याख्या करना	**बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जिकल नर्सिंग देखभाल के मनोसामाजिक पहलु** • मानव व्यवहार और जलने की चोट का सामना करना तथा उपचार • संकट की घड़ी में तनाव का सामना करना • भावनाएं • व्यक्तिगत मतभेद • शारीरिक छवि और आत्मसम्मान की गड़बड़ी • जलने का मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक प्रभाव • जलने से संबंधित मनोरोगिक विसंगतियां • मृत्यु और मरणासन्न • मार्गदर्शन और परामर्श	• व्याख्यान • परामर्श के चरण – समीक्षा	• परामर्श सत्र आयोजित करना • और रिपोर्ट तैयार करना • जलने की मनोसामाजिक

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
			• जलने से पीड़ित रोगी की देखभाल में परिवार की भूमिका • जलने और जलने की देखभाल के सामाजिक आर्थिक पहलू • सामाजिक संगठन और सामुदायिक संसाधन • जलने से संबंधित मनोसामाजिक समस्याओं का प्रबंधन		समस्याओं पर पठन कार्य
4	टी–5 एल–3	बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी इकाई में मेडिकल सर्जिकल एसेप्सिस और संक्रमण नियंत्रण की व्याख्या करना	**अनुप्रयुक्त सूक्ष्मजैविकी (एप्लाइड माइक्रोबायलॉजी) – बर्न्स इकाई में संक्रमण नियंत्रण कार्यप्रणाली** • रोग प्रतिरोधक शक्ति • एसेप्सिस, रोगाणुनाशन और कीटाणुशोधन के सिद्धांत • मानक सुरक्षा उपाय • जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन • बैरियर नर्सिंग और संक्रमण नियंत्रण प्रथा • एचआईसीसी ऑडिट	• व्याख्यान • अभिव्यक्ति	• बर्न्स इकाई में संक्रमण नियंत्रण के लिये एसओपी तैयार करना • लिखित कार्यः बर्न्स इकाई में संक्रमण नियंत्रण अभ्यास
5	टी–5	शारीरिक संरचना (एनाटॉमी) और शरीर विज्ञान (फिजियोलॉजी) से संबंधित समीक्षा	**शारीरिक संरचना (एनाटॉमी) और शरीर विज्ञान (फिजियोलॉजी) की समीक्षा** • त्वचा की शारीरिक संरचना और शरीर विज्ञान की समीक्षा • जलने की चोट के लिये स्थानीय और प्रणालीगत प्रतिक्रियाएं • घाव भरने की प्रक्रिया – तंत्र, प्रकार और चरण • दोषपूर्ण घाव भरने के कारण • घाव भरने की प्रक्रिया को तेज करने वाले कारक • द्रवीय इलेक्ट्रोलाइट संतुलन, अम्लरक्तता और क्षारमयता	• व्याख्यान	• स्व–निर्देशित पठन
6	टी–5	जलने का वर्गीकरण करना जलने के कारणों की गणना करना जलने की पैथोफिजियोलॉजी और नैदानिक अभिव्यक्ति का वर्णन करना	**जलने के प्रकार, एटियोलॉजी, पैथोफिजियोलॉजी और नैदानिक अभिव्यक्ति** • जलने की परिभाषा और वर्गीकरण • जलने के कारण • जलने की पैथोफिजियोलॉजी और नैदानिक अभिव्यक्ति	• व्याख्यान	
7	टी–5	जलने की फार्माकोथेरेपी की व्याख्या करना	**एप्लाइड फार्माकोलॉजी** • दवा प्रशासन के सिद्धांत और नर्स की भूमिका • एंटीबायोटिक्स • एनेस्थेटिक एजेंट्स • एनेलजेसिक्स (दर्द नाशक) • आपातकालीन दवाएं • जलन प्रबंधन में नये फार्माकोथेरेपी	• दवा प्रतिपादित करना	• दवाओं का अध्ययन करना

बर्न्स एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी स्पशियलिटी नर्सिंग–2

नैदानिक स्थितियों का नर्सिंग प्रबंधन जिसमें आकलन, निदान, उपचार और विशिष्ट मध्यवर्तन, रोगी सुरक्षा और गुणवत्ता तथा विशिष्ट/बीमारी विशिष्ट विवेचन (सहायक देखभाल/प्रशामक देखभाल/स्वास्थ्य लाभ) शामिल हैं

सैद्धांतिक : 120 घंटे और प्रायोगिक : 30 घंटे

पाठ्यक्रम विवरण: यह पाठ्यक्रम जलने से पीड़ित और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले रोगियों के आकलन, निदान, उपचार, नर्सिंग प्रबंधन, और सहायक/प्रशामक देखभाल के लिये आवश्यक दक्षताओं को विकसित करने में छात्रों की मदद करने के लिये तैयार किया गया है।

अध्ययन विषयवस्तु

इकाई	समय	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
1	टी–4 एल–2	जलने से पीड़ित बुजुर्ग एवं वयस्क रोगियों का मूल्यांकन जलने से पीड़ित शिशु रोगियों का मूल्यांकन जलने से पीड़ित रोगियों के नर्सिंग प्रबंधन पर चर्चा	**आंकलन** • जलने से पीड़ित और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले वयस्क एवं बुजुर्ग रोगियों का आकलन (पूर्ववृत्त लेना, शारीरिक और नैदानिक परीक्षण करना) • जलने से पीड़ित और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले शिशु रोगियों का आकलन • नर्सिंग प्रक्रियाओं को अपनाते हुए जलने से पीड़ित रोगियों का नर्सिंग प्रबंधन	• परिचर्चा और अभिव्यक्ति	• बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में वयस्क और शिशु रोगियों का आकलन और रिपोर्ट लेखन
2	टी–2 एल–1	जलने से पीड़ित और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा पाने वाले रोगियों के नैदानिक परीक्षण और विभिन्न प्रक्रियाओं की व्याख्या करना, उन्हें संपादित करना या उनमें सहायता करना	**जांच** • रक्त की जांच – सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी, प्रोटीन, इलेक्ट्रोलाइट्स, एबीजी विश्लेषण, संवर्धन (कल्चर) • ईसीजी • पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट • छाती का एक्स–रे • पल्स ऑक्सीमेट्री • मूत्र विश्लेषण • घाव का संवर्धन और संवेदनशीलता	• व्याख्यान और अभिव्यक्ति	• समकक्ष प्रशिक्षण
3	टी–15 एल–10	जलने से पीड़ित रोगियों के उन्नत नैदानिक परीक्षण करना या उनमें सहायता करना	**जलने से पीड़ित रोगियों के उपचार की उन्नत प्रक्रियाएं** • बेसिक लाइफ सपोर्ट • एडवांस्ड कार्डियाक लाइफ सपोर्ट • मैकेनिकल वेंटिलेटर • ट्रेकिओस्टॉमी • ऑक्सीजन थेरेपी, निगरानी • इंट्रावीनस कैथेटर इनसर्शन • सेंट्रल लाइन इनसर्शन/ पीआईसीसी इनसर्शन और देखभाल • मूत्र कैथीटेराइजेशन	• व्याख्यान और अभिव्यक्ति	• जलने से पीड़ित रोगियों के लिये आवश्यक उन्नत नर्सिंग प्रक्रियाओं पर कार्यशाला का आयोजन
4	टी–10 एल–2	जलने से पीड़ित रोगियों के शीघ्र प्रबंधन की व्याख्या करना और दक्षता प्राप्त करना	**जलने से पीड़ित रोगियों का प्रारंभिक प्रबंधन** • प्राथमिक चिकित्सा, जले हुए रोगी को लाना और प्रारंभिक प्रबंधन • बर्न सेंटर/यूनिट में प्रवेश के मानदंड • जले हुए रोगी का समग्र आकलन • जलने की सीमा और गहराई का आकलन • तात्कालिक और गंभीरतापूर्ण देखभाल • जलने के झटके का प्रबंधन • संक्रमण का प्रबंधन	• व्याख्यान और अभिव्यक्ति	• समकक्ष प्रशिक्षण

इकाई	समय	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
5	टी–5 एल–1	जलने से पीड़ित रोगियों के द्रव प्रबंधन की व्याख्या करना और दक्षता प्राप्त करना	**जलने से पीड़ित रोगियों का द्रवीय प्रबंधन** • जलने से पीड़ित रोगियों को द्रव द्वारा पुनः होश में लाना और द्रव की गणना • होश में लाने के लिये प्रयुक्त द्रव पदार्थों के प्रकार • जलने से पीड़ित रोगियों के प्रबंधन में उपयुक्त होने वाले रक्त और रक्त उत्पाद • द्रव चिकित्सा के दौरान नर्सिंग जिम्मेदारियां	• व्याख्यान और अभिव्यक्ति	• जलने से पीड़ित रोगियों को द्रव देकर होश में लाने के लिये मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करना
6	टी–3 एल–1	जलने से पीड़ित रोगियों के दर्द निवारण प्रबंधन के सिद्धांतों की व्याख्या करना	**जलने से पीड़ित रोगियों का दर्द प्रबंधन** • दर्द – प्रकार, पैथोफिज़ियोलॉजी • जलने से पीड़ित रोगियों का दर्द प्रबंधन – औषधीय और गैर–औषधीय उपाय	• व्याख्यान और अभिव्यक्ति	• जलने से पीड़ित रोगियों के दर्द निवारण के लिये मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करना
7	टी–5 एल–2	जलने से पीड़ित रोगियों के पोषण प्रबंधन की व्याख्या करना	**जलने से पीड़ित रोगियों का पोषण प्रबंधन** • जलने से पीड़ित रोगियों में पोषण की आवश्यकता • जलने से पीड़ित रोगियों में कैलोरी और प्रोटीन की आवश्यकता • विटामिन और खनिज संपूरक • आंत्रेतर और आंत्र पोषण प्राप्त करने वाले रोगियों के लिये भोजन–सूची तैयार करना	• व्याख्यान और अभिव्यक्ति	• रोगियों के मौखिक और आंतरिक पोषण के लिये योजना तैयार करना
8	टी–10 एल–4	घाव प्रबंधन की व्याख्या करना जलने से पीड़ित रोगियों का घाव प्रबंधन करना	**जलने से पीड़ित रोगियों के घावों की देखभाल** • जले में घाव की देखभाल के सिद्धांत • जले में घाव प्रबंधन • ड्रेसिंग और पट्टियों के प्रकार • जले के घाव के प्रबंधन में आधुनिक तरीके • जले हुए घाव का सर्जिकल प्रबंधन – स्किन ग्राफ्टिंग, फ्लैप सर्जरी • त्वचा ग्राफ्ट का भंडारण और त्वचा बैंकिंग • ऊतक इंजीनियरिंग और ऊतक विस्तार • स्किन ग्राफ्ट/फ्लैप सर्जरी के पूर्व और बाद की देखभाल • जले के घाव में संक्रमण से बचाव	• व्याख्यान और अभिव्यक्ति	• साहित्याक समीक्षा – त्वचीय बैंक
9	टी–8 एल–2	विभिन्न प्रकार से जलने से पीड़ित रोगियों के प्रबंधन की व्याख्या करना शरीर के विशेष भागों में जलने के प्रबंधन का वर्णन करना श्वसन प्रणाली की चोट के प्रबंधन की व्याख्या करना ठंड के कारण लगी चोटों के प्रबंधन की व्याख्या करना	**विभिन्न प्रकार से जलने से पीड़ित रोगियों का प्रबंधन** • लौ से जलना • बिजली से जलना • रासायनों से जलना • विकिरण से जलना • शरीर के विशेष भागों – सिर, गर्दन, छाती, पेट और पेरिनियल क्षेत्र के जलने की स्थिति में प्रबंधन • हाथ, कोहनी और बगल का जलना • श्वसन प्रणाली की चोट का प्रबंधन • ठंड की चोटों का प्रबंधन	• व्याख्यान और अभिव्यक्ति	• पठन कार्य

इकाई	समय	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	मूल्यांकन विधियां
10	टी–10 एल–2	जलने से पीड़ित शिशु रोगियों के प्रबंधन की व्याख्या करना	**जलने से पीड़ित शिशु रोगियों का प्रबंधन** • जलने से पीड़ित शिशु रोगी के प्रति दृष्टिकोण • जलने से पीड़ित शिशु का आकलन • जलने से पीड़ित शिशु का प्रबंधन • शिशु रोगियों में द्रव चिकित्सा और पोषण प्रबंधन • शिशु रोगियों में थर्मोरेग्यूलेशन • शिशु रोगियों के घाव की देखभाल • जलने से पीड़ित शिशु और उनके परिवार के सदस्यों के लिये मनोवैज्ञानिक विवेचन • जलने से पीड़ित शिशु रोगियों के लिये प्ले थेरेपी और अन्य पूरक और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग • नर्सिंग प्रक्रिया का उपयोग करते हुए नर्सिंग प्रबंधन	• व्याख्यान और अभिव्यक्ति	• लेखन कार्य
